राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

**20 जनवरी 2026 / 30 पौष 1947**

## विषय: NIFTEE-2026 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरणों में सुधार के संबंध में।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) **8 फरवरी 2026** को विभिन्न शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर **शैक्षणिक सत्र 2026-27** के लिए NIFTEE-2026 चरण 1 का आयोजन करेगी। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) / पेपर आधारित परीक्षा (PBT) मोड में आयोजित की जाएगी।

सूचना विवरणिका और सार्वजनिक सूचना में प्रकाशित जानकारी के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि अभ्यर्थियों को उनके संबंधित आवेदन पत्र में सुधार करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। विवरण निम्नानुसार है:

| परीक्षा | विवरणों में सुधार का समय | सुधार के लिए उपलब्ध क्षेत्रों |
|---|---|---|
| **NIFTEE-2026** | **21 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक)** | **परिशिष्ट 1 के अनुसार** |

*कृपया ध्यान दें कि अंतिम सुधार केवल तभी मान्य होगा जब अतिरिक्त शुल्क (यदि आवश्यक हो) का भुगतान किया गया हो। यदि श्रेणी या PwBD में बदलाव के कारण शुल्क राशि पर प्रभाव पड़ता है, तो अभ्यर्थी से अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। यदि अतिरिक्त भुगतान किया गया है, तो वह वापस नहीं किया जाएगा।*

सभी पंजीकृत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट https://exams.nta.nic.in/niftee/ पर जाकर अपने विवरणों की जांच करें। यदि आवश्यक हो, तो वे अपने आवेदन पत्र में सुधार कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को सुधार करने की अनुमति **22 जनवरी 2026 (रात्रि 11:50 बजे तक)** तक दी जाएगी। इसके बाद, किसी भी परिस्थिति में NTA द्वारा विवरणों में कोई सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त शुल्क (*जहां लागू हो*) संबंधित उम्मीदवार द्वारा क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। चूंकि यह उम्मीदवारों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए एक बार की सुविधा है, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सुधार बहुत सावधानीपूर्वक करें क्योंकि उन्हें आगे सुधार का कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों को नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से NTA की वेबसाइट [www.nta.ac.in] और **[https://exams.nta.nic.in/niftee/]** पर जाने की सलाह दी जाती है।

NIFTEE 2026 से संबंधित अधिक स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी 011- 40759000 पर संपर्क कर सकते हैं या अणु डाक पता **nift@nta.ac.in** कर लिख सकते हैं।

**निदेशक, एनटीए**

परिशिष्ट 1

| क्र. सं. | NIFTEE–2026 परीक्षा हेतु आवेदन पत्र में सुधार | |
|---|---|---|
| | कार्रवाई (Actions) | क्षेत्र (Fields) |
| 1. | अभ्यर्थियों को निम्नलिखित में परिवर्तन की अनुमति **नहीं** होगी: | i. मोबाइल नंबर / संपर्क सूत्र<br>ii. ई–मेल / अणु डाक पता<br>iii. पता (स्थायी एवं वर्तमान)<br>iv. हस्ताक्षर – छवि अपलोड |
| 2. | अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी **एक** क्षेत्र में परिवर्तन कर सकते हैं: | i. अभ्यर्थी का नाम **या**<br>ii. पिता का नाम **या**<br>iii. माता का नाम |
| 3. | अभ्यर्थियों को निम्नलिखित **सभी** क्षेत्रों में परिवर्तन की अनुमति होगी: | i. कक्षा 10 / समकक्ष विवरण<br>ii. कक्षा 12 / समकक्ष विवरण<br>iii. स्नातक विवरण (यदि लागू हो) iv. स्नातकोत्तर विवरण (यदि लागू हो) |
| 4. | अभ्यर्थियों को परीक्षा राज्य एवं शहर में परिवर्तन की अनुमति होगी | i. परीक्षा शहर का चयन |
| 5. | अभ्यर्थी निम्नलिखित **सभी** क्षेत्रों में परिवर्तन कर सकते हैं: | i. जन्म तिथि ii. लिंग iii. श्रेणी iv. उप-श्रेणी / PwBD |
| 6. | अभ्यर्थी निम्नलिखित क्षेत्र में संपादन कर सकते हैं: | i. कार्यक्रम (Programme) का चयन |

- *यदि शुल्क पर प्रभाव पड़ता है, तो अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा।*
- *अभ्यर्थी अपनी पात्रता के अनुसार अपना कार्यक्रम जोड़ या बदल सकते हैं, तथापि अतिरिक्त शुल्क देय होगा।*
- *इन क्षेत्रों में सुधार केवल अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने के बाद ही लागू होगा।*
- *अभ्यर्थी को सुधार करने का केवल एक ही अवसर दिया जाएगा।*